# St. LAWRENCE HIGH SCHOOL

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION
27, BALLYGUNGE CIRCULAR ROAD
KOLKATA – 700 019

FOR GOD AND COUNTRY

**Hindi Grammar : (2nd Term)** **(Answer Worksheet –17)** **Date: 12.10.2020**
**Topic: अपठित गदयांश** **Class -3**

---

महात्मा गाँधी को राष्ट्रपिता के रूप में सम्मान दिया जाता है | उन्होंने भारत को स्वतंत्र कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई | भारतवर्ष के इतिहास में उनका नाम सदा अमर रहेगा |

महात्मा गाँधी का जन्म 2 अक्टूबर, 1869 को गुजरात के पोरबंदर नामक स्थान पर हुआ था | उनका पूरा नाम मोहनदास करमचंद गाँधी था | उनके पिता राजकोट के दीवान थे | भारत में शिक्षा पूरी करने के बाद उन्हें बैरिस्टरी की पढाई करने के लिए इंग्लैंड भेजा गया |

गांधीजी ने वहाँ रहकर भी सादा जीवन बिताया | भारत लौटकर लोगों को अंग्रेजी शासन के विरुद्ध संगठित किया | उन्होंने कई बार सत्याग्रह किए तथा जेल - यात्राएँ की | उनका 'नमक सत्याग्रह ' तथा 1942 में 'भारत छोड़ो ' आंदोलन रंग लाया | अतः 15 अगस्त , 1947 को भारत अंग्रेज़ी शासन से मुक्त हो गया |

30 जनवरी , 1948 को नाथूराम गोडसे ने गोली मारकर उनकी हत्या कर दी | उनके मुख से निकले अंतिम शब्द थे - ' हे राम ' | दिल्ली के राजघाट पर उनकी समाधि बनी हुई है |

अनुच्छेद पढ़कर प्रश्नो के उत्तर दो :-

1 महात्मा गाँधी को किस रूप में सम्मान दिया जाता है |

उ- महात्मा गाँधी को राष्ट्रपिता के रूप में सम्मान दिया जाता है |

2 महात्मा गाँधी का जन्म कब हुआ था ?

उ- महात्मा गाँधी का जन्म 2 अक्टूबर 1869 को हुआ था |

3 उनका पूरा नाम क्या था ?

उ- उनका पूरा नाम मोहनदास करमचन्द गाँधी था |

4 उन्हें वकालत पढ़ने कहाँ भेजा गया ?

उ- उन्हें वकालत पढ़ने के लिए इंग्लैंड भेजा गया |

5 गांधीजी ने वहाँ रहकर भी कैसा जीवन बिताया ?

उ- गांधीजी ने वहाँ रहकर भी सादा जीवन बिताया।

6 उनकी हत्या किसने और कब की ?

उ- उनकी हत्या 30 जनवरी , 1948 को नाथूराम गोडसे ने की।

7 'सम्मान' का अर्थ लिखो :-

उ- सम्मान = **आदर**

खाली जगह भरो :-

8 उनके पिता राजकोट के **<u>दीवान</u>** थे।

9 दिल्ली के **<u>राजघाट</u>** पर उनकी समाधि बनी है।

कोई दो संज्ञा शब्द छाँटकर लिखो :-

10 **गुजरात**

11 **राजकोट**

12 विलोम शब्द लिखो :-

स्वतंत्र - **परतंत्र**

13 वचन बदलो :-

अंग्रेज - **अंग्रेजों**

14 विशेषण शब्द छाँटकर लिखो :-

उ- **अमर**

15 वाक्य बनाओ :-

अत्याचार = हमें जानवरों पर **अत्याचार** नहीं करना चाहिए।

Poonam Mehra